**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-12 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 12 (क) क्या युवा कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के तहसील मुख्यालय बिसंवा में कोई स्टेडियम न होने से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा का विकास नहीं हो पा रहा है ? | जी नहीं।<br>जनपद सीतापुर के तहसील मुख्यालय बिसंवा में हनुमत रामेश्वर इण्टर कॉलेज, सेठ जयदयाल इण्टर कॉलेज, चंपा देवी इण्टर कॉलेज में खेल मैदान की भूमि उपलब्ध है। जिस पर क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों द्वारा अभ्यास किया जा सकता है। |
| (ख) यदि हॉ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु स्टेडियम का निर्माण करायेंगे ? | ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपेन जिम निर्माण योजना संचालन प्रबंधन एवं अनुरक्षण हेतु नीति शासनादेश दिनांक 14 मार्च, 2023 द्वारा निर्धारित की गयी है। उक्त नीति के प्रावधानानुसार प्रथम चरण में प्रदेश के उन 12 जनपदों में ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण चरणवद्ध रूप से बजट एवं भूमि की उपलब्धता के आधार पर किया जाना है, जहॉ पूर्व से एक भी ग्रामीण स्टेडियम निर्मित नहीं है। जनपद सीतापुर भी उन्हीं 12 जनपदों में से एक है। उक्त के क्रम में जनपद से नियमानुसार प्रस्ताव प्राप्त होने पर बजट की उपलब्धता के आधार पर कार्यवाही की जाती है। |
| (ग) यदि हॉ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

**गिरीश चन्द्र यादव**
**राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)**
**युवा कल्याण विभाग**